**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 16.07.2026 (सुबह – 0830 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज निकाली जायेगी भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य और ऐतिहासिक रथ यात्रा, अनुष्ठान शुरू।**

2. **नेशनल मेडिकल कमिशन ने रिम्स में एमबीबीएस की 70 सीटें बढ़ाने के प्रस्ताव को दी मंजूरी, चालू शैक्षणिक सत्र से रिम्स में अब 250 छात्रों का होगा नामांकन।**

3. **खान सुरक्षा महानिदेशालय ने खनन नियमों में बदलाव का मसौदा किया तैयार, नये नियमों में आधुनिकीकरण और सुरक्षा को बढ़ावा देने पर किया गया फोकस।**

4. **मौसम विभाग ने आज से अगले तीन दिन तक मध्यम से भारी बारिश का जताया अनुमान, रांची समेत आसपास के जिलों के तापमान में आयी गिरावट।**

**और**

5. **22वीं झारखंड सशस्त्र पुलिस क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न, जैप–6 जमशेदपुर की टीम बनी ओवरऑल चौंपियन।**

***************************

झारखंड में आज भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य और ऐतिहासिक रथ यात्रा पारंपरिक श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ निकाली जायेगी। हमारी संवाददाता ने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुख्य आयोजन राजधानी रांची के धुर्वा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर में हो रहा और रथ यात्रा के अनुष्ठान शुरू हो गये हैं।

***************************

नेशनल मेडिकल कमिशन–एनएमसी ने रिम्स में एमबीबीएस की 70 सीटें बढ़ा दी है। अब चालू शैक्षणिक सत्र से रिम्स में 250 छात्रों का दाखिला लिया जाएगा। गौरतलब है कि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग लंबे समय से रिम्स समेत राज्य के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस और पीजी सीटें बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा था। विभाग ने आयोग और केंद्र सरकार को सभी जरूरी प्रस्ताव, अनुपालन रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज भेजे थे।

***************************

**खान सुरक्षा महानिदेशालय–डीजीएमएस** ने खनन और तेल क्षेत्र के नियमों में बड़े बदलाव की प्रक्रिया शुरु कर दी है। डीजीएमएस ने इसका मसौदा तैयार कर लिया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि मूल रूप से नियमों में बदलाव का उद्देश्य खनन क्षेत्र में आधुनिकीकरण और सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही तकनीक और संचालन व्यवस्था को आधुनिक बनाना है।

***************************

झारखंड हाईकोर्ट ने सरकारी कार्य पूरा होने के बावजूद तीन वर्षों तक संवेदक का भुगतान लंबित रखने पर राज्य सरकार के रवैये पर कड़ी नाराजगी जतायी है। जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने राज्य सरकार को दो सप्ताह के भीतर भुगतान सुनिश्चित कर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

***************************

रांची मंडल के डीआरएम केएन सिंह ने कल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान डीआरएम ने अमृत भारत स्टेशन के तहत पुनर्विकसित मुरी और पिस्का रेलवे स्टेशन के 17 जुलाई को होने वाले उदघाटन समारोह में शामिल होने का आमंत्रण पत्र दिया।

****************************

राज्य में लिपिक के पदों पर नियुक्ति को लेकर विधि और वित्त विभाग से सहमति नहीं लेने के कारण कार्मिक विभाग ने विभिन्न विभाग की नियुक्ति संबंधी अधियाचनाएं लौटा दी है। गौरतलब है कि किसी भी विभाग को नियुक्ति के लिए विधि और वित्त विभाग की सहमति अनिवार्य होती है, जिसके बाद ही आयोग को अनुशंसा भेजी जाती है।

****************************

धनबाद के निरसा में निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड विवाद को लेकर सांसद ढुल्लू महतो और विधायक अरूप चटर्जी ने कल अपने–अपने कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा निकाली और शक्ति प्रदर्शन किया। सांसद श्री महतो ने विधायक अरूप चटर्जी पर विकास कार्यों में बाधा डालने और जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

वहीं दूसरी ओर भाकपा–माले विधायक अरूप चटर्जी ने एलिवेटेड रोड परियोजना में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाया है।

****************************

खूंटी जिले में अपराध नियंत्रण और कानून–व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस ने रणनीति तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने पुलिस पदाधिकारियों को पुराने अपराधियों और आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया।

****************************

बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर झारखंड पर दिखने लगा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज रामगढ़, बोकारो, धनबाद, सरायकेला–खरसावां, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में भारी बारिश की चेतावनी दी है।

****************************

रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश राय टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित 22वीं झारखंड सशस्त्र पुलिस क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हो गयी। इस प्रतियोगिता में जमशेदपुर की जैप–6 की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर ने खिलाड़ियों के अनुशासन, समर्पण और खेल भावना की सराहना की।

****************************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य की लंबित और प्रमुख सड़क परियोजनाओं को समय पर गुणवत्ता के साथ पूरा करने के सीएम के निर्देश को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने रिम्स में एमबीबीएस की सीटें 180 से बढ़ाकर 250 करने की खबर को पहले पेज पर प्रकशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने अवैध राशन कार्डधारियों पर लिखा है– सीसीएल कर्मी और कार–बंगले वाले खा रहे गरीबों का राशन।

**प्रभात खबर** ने गुमला में स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली पर लिखा है– धक्का मारने पर भी नहीं चली एंबुलेंस, अस्पताल पहुंचने से पहले ही मां की गोद में बेटी ने तोड़ा दम।

**दैनिक जागरण** ने राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों की तकनीकी व्यवस्था पर बदलाव की तैयारी पर लिखा है– झारखंड के सभी नौ इंजीनियरिंग कॉलेज अब कहलाएंगे बीआईटी।

****************************